## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 09.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में तीस प्रस्तावों को मिली मंजूरी, बुनियादी ढांचे के विकास पर खास जोर।
2. मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जनता को किया समर्पित, स्वास्थ्य मंत्री ने की थैलेसीमिया और सिकल सेल मरीजों के व्यापक सर्वे और इलाज की घोषणा।
3. राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनावों के लिए जारी की आरक्षण अधिसूचना, रांची और आदित्यपुर एसटी, गिरिडीह एससी, हज़ारीबाग ओबीसी के लिए आरक्षित।
4. नई दिल्ली में आयोजित होने वाले वैश्विक सम्मेलन में मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची पर व्याख्यान देगा झारखंड, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा।

और

5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, दो रजत समेत तीन पदकों पर जमाया कब्जा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि कैबिनेट ने झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक आहूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 606 थानों में सीसीटीवी लगाने के लिए 134 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इसे कोल्हान के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 20 तक ले जाने का लक्ष्य रखा।

मौके पर मौजूद स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने थैलेसीमिया और सिकल सेल मरीजों के व्यापक सर्वे और इलाज की घोषणा की।

***************

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगर निगमों के मेयर, नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। जारी आरक्षण सूची के अनुसार धनबाद और चास नगर निगम का मेयर पद सामान्य श्रेणी के लिए रखा गया है। वहीं राजधानी रांची नगर निगम का मेयर पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। मेदिनीनगर नगर निगम के मेयर पद को महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। मानगो नगर निगम की मेयर सीट को भी सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार हजारीबाग को अत्यंत पिछड़ा वर्ग, गिरिडीह और आदित्यपुर को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखा गया है। देवघर को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने 21–23 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। इस वैश्विक सम्मेलन में झारखंड मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची पर व्याख्यान देगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 28 जनवरी से 6 फरवरी तक सभी जिलों में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट–2 को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया है। यह प्रशिक्षण मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से संबंधित होगा, जिसका संचालन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी करेंगे।

***************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के विभिन्न जिलों के लिए अपने नए जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इस घोषणा के अनुसार वरुण साहू को रांची महानगर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अमित तिवारी को पलामू, बंशी यादव को लातेहार, विवेकानंद सिंह को हजारीबाग, संजीव कुमार बाबला को रामगढ़, रामदेव सिंह भोक्ता को चतरा, सरिता मुर्मू को पाकुड़, लक्ष्मी चक्रवर्ती को गोड्डा, गौतम यादव को साहेबगंज, सुमित शरण को जामताड़ा, सचिन रवानी को देवघर, रूपेश मण्डल को दुमका, श्रवण राय को धनबाद महानगर, मोहन कुम्भकार को धनबाद ग्रामीण, महेंद्र वर्मा को गिरीडीह ग्रामीण, रंजीत कुमार राय को गिरीडीह महानगर और सागर उरांव को गुमला की जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

***************

नाइजर में आतंकियों द्वारा अपहृत गिरिडीह के पांचों मजदूर सुरक्षित भारत लौट आए हैं। वर्तमान में सभी मजदूर मुंबई में हैं। आजसू महासचिव संजय मेहता ने उनकी वापसी पर विदेश मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस मामले में राज्य सरकार पर असहयोग और संवेदनहीनता का आरोप लगाया।

***************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय, पीआईबी द्वारा आज हजारीबाग में पत्रकारों के लिए वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विकसित भारत जी राम जी के तहत रोजगार गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने और नए श्रम संहिताओं पर चर्चा हुई। साथ ही, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को भी रेखांकित किया गया। मौके पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो पूर्वी भारत के महानिदेशक टी वी के रेड्डी ने कार्यक्रम के उदेश्य से अवगत कराया। बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा ने विकसित भारत–जी राम जी योजना के तहत नीतिगत बदलावों को ग्रामीण विकास के लिए जरूरी बताया।

***************

धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रोजेक्ट डॉन के माध्यम से नशा मुक्ति और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर अवर न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि पिछले पांच दिनों में नशे की लत में फंसे 9 युवाओं को रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि इन युवाओं की काउंसलिंग कराई गई और दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह जागरूकता और बचाव अभियान 12 जनवरी तक जारी रहेगा।

***************

राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। खूंटी डेढ़ डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि डालटनगंज में 3 दशमलव 2 डिग्री और रांची में 7 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगल 2–3 दिनों तक कोहरे और कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है।

***************

रांची के मरांग गोमके स्टेडियम में कल महिला हॉकी इंडिया लीग का फाइनल मुकाबला एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स के बीच खेला जाएगा। शाम 7 बजे शुरू होने वाले इस मैच की विजेता टीम को डेढ़ करोड़ और उपविजेता को 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी। तीसरे स्थान पर रही रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***************

महाराष्ट्र के संभाजीनगर में 6 से 9 जनवरी तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता  में झारखंड के खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य के खिलाड़ियों ने दो रजत और एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। अंडर–19 वर्ग में सूरज कुमार महतो और रोहन कुमार ने रजत, जबकि बाबूलाल हेंब्रम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया है।

*******समाप्त*********